卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्नि जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 340 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦18 सितम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## पीएम मोदी ने गिनाई संसद की ऐतिहासिक उपलब्धियां

### पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी और अंबेडकर को किया याद,भारत के लोकतंत्र ने तमाम उतार-चढ़ाव देखे

नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संसद के विशेष सत्र के मौके पर लोकसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने इस दौरान संसदीय यात्रा की शुरुआत, उपलब्धियां, अनुभव, स्मृतियां और उनसे मिली सीख के मुद्दे पर बोलते हुए संसद से जुड़ी यादें साझा कीं। इतना ही नहीं पीएम ने पुराने संसद भवन की कई यादों के अलावा इसमें पूर्व प्रधानमंत्रियों के योगदान के बारे में भी बात की। पीएम ने इस दौरान प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरु के ट्रिस्ट ऑफ डेस्टिनी भाषण की तारीफ से लेकर अपनी सरकार के दौरान हुए बदलावों को भी संसद के सामने रखा। पीएम मोदी ने पंडित नेहरू के नेतृत्व में बनी पहली सरकार की तारीफ की। पीएम मोदी ने कहा कि पंडित नेहरू के कार्यकाल के दौरान जब बाबा साहब भीमराव अंबेडकर मंत्री थे तो देश में बेस्ट प्रैक्टिस को लागू करने की दिशा में बहुत काम हुआ। अंबेडकर हमेशा कहते थे कि देश में सामाजिक



समानता के लिए देश में औद्योगिकीकरण होना बेहद जरूरी है। उस समय जो उद्योग नीति लाई गई थी, वो आज भी उदाहरण है। लाल बहादुर शास्त्री ने 1965 के युद्ध में देश के जवानों को इसी सदन से प्रेरित किया था और यहीं से उन्होंने हरित क्रांति की नींव रखी थी। बांग्लादेश की मुक्ति का आंदोलन और उसका समर्थन भी इसी सदन में इंदिरा गांधी के नेतृत्व में किया गया। इसी सदन ने देश के लोकतंत्र पर आपातकाल के रूप में हुआ हमला भी देखा था। इसी सदन में मतदान की उम्र 21 से 18 करने का फैसला किया गया और युवा पीढ़ी को लोकतंत्र का हिस्सा बनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में दिए अपने भाषण में संसदीय इतिहास के कई बड़े मौकों को याद किया। पीएम मोदी ने कहा कि इसी सदन में अमेरिका के साथ ऐतिहासिक परमाणु समझौते पर अंतिम मुहर लगाई थी। इसी सदन में अनुच्छेद 370 हटाने, वन पेंशन-वन टैक्स...जीएसटी लागू करने और वन रैंक-वन पेंशन का फैसला भी हुआ। गरीबों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला भी यहीं हुआ। पीएम मोदी ने कहा कि भारत के लोकतंत्र ने तमाम उतार-चढ़ाव देखे हैं और ये सदन, लोकतंत्र की ताकत हैं और लोकतंत्र का साक्षी है। इसी सदन में चार सांसदों वाली पार्टी सत्ता में होती थी और 100 सांसदों वाली पार्टी विपक्ष में होती थी। इसी सदन में एक वोट से सरकार गिरी थी। जब नरसिम्हा राव घर जाने की तैयारी कर रहे थे लेकिन इसी सदन की ताकत से वह अगले पांच साल के लिए देश के प्रधानमंत्री बने। 2000 की अटल जी की सरकार में तीन राज्यों का गठन हुआ। जिसका हर किसी ने उत्सव मनाया, लेकिन एक ( शेष पेज सात पर )

## पत्रकार जेडे हत्याकांड का आरोपी दीपक सिसौदिया नेपाल बार्डर से गिरफ्तार

### उत्तराखंड एसटीएफ को मिली सफलता,फरार सिसौदिया पर था 25 हजार का ईनाम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड एसटीएफ ने एक और



सफलता प्राप्त करते हुए अब अंडरवर्ड डॉन छोटा राजन के करीबी पत्रकार जेडे की हत्या के ईनामी आरोपी को भारत नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार कर लिया। मुंबई के मशहूर खोजी पत्रकार जेडे की हत्या में हुई उम्रकैद का सजायाफ्ता शातिर यह इनामी अपराधी अपनी पैरोल से फरार हुआ था। पुलिस को इसकी काफी समय से तलाश थी।उत्तराखण्ड एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने बताया कि इनामी अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत सीओ एसटीएफ सुमित पांडे द्वारा गठित एसटीएफ टीम द्वारा हल्द्वानी थाने के 25 हजार रुपए के ईनामी गैंगस्टर दीपक सिसौदिया को भारत-नेपाल बॉर्डर में बनबसा से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दीपक वर्ष 2011 में मुंबई में हुए पत्रकार जेडे की हत्या के आरोप में उम्रकैद की सजा काट रहा था और पिछले वर्ष जनवरी माह में मुंबई की अमरावती सेन्ट्रल जेल से पैरोल पर छूटकर हल्द्वानी आया था। जिसे मार्च में वापस जेल में जाना था लेकिन अपराधी दीपक सिसौदिया पैरोल से फरार हो गया। जिस पर मुंबई पुलिस द्वारा उसके विरुद्ध थाना हल्द्वानी में एक मुकदमा पंजीकृत करवाया था। एसएसपी नैनीताल द्वारा उस पर 25 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया था। उन्होंने बताया कि छोटा राजन गैंग से ताल्लुख रखने वाले इस इनामी अपराधी दीपक सिसोदिया की गिरफ्तारी के लिए उत्तराखण्ड पुलिस पिछले एक साल से प्रयास कर रही थी। लेकिन दीपक के नेपाल में छिपे होने के कारण उसकी गिरफ्तारी सम्भव नही हो पा रही थी। एसटीएफ को ऐसी गोपनीय सूचनाएँ मिल रही थी कि दीपक चोरी-छिपे हल्द्वानी आता है जिस पर टीम काम कर रही थी। कल देर रात्रि टीम को सूचना मिली कि दीपक सुबह- सुबह आने वाला है इस पर टीम को बनबसा क्षेत्र में लगाया गया था। मुखबिरी के अनुसार दीपक कार से नेपाल से बनबसा पहुँचा। जिसे टीम ने ( शेष पेज सात पर )

## प्रख्यात फोटोग्राफर अमित साह का हार्ट अटैक से निधन

नैनीताल (उद संवाददाता) । उत्तराखंड के प्रसिद्ध छायाकार व नैनीताल निवासी यूट्यूबर अमित साह के आकस्मिक निधन की दुखद खबर से पूरे इलाके और राज्य में शोक की लहर है। उत्तराखंड के फोटोग्रफर अमित साह के असामयिक निधन



के बाद सीएम धामी ने शोक व्यक्त किया है। सीएम धामी ने ट्ववीट कर लिखा ईश्वर से पुण्यात्मा को चरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। शानदार फोटोग्राफी व यूट्यूब पर रोचक जानकारी देने वाले करीब 43 वर्षीय अमित साह की बीते रात अचानक तबियत बिगड़ गई उनको परिवार के लोग बीडी पाण्डे जिला अस्पताल लेकर गये जहाँ उन्होंने आज सुबह अंतिम सांस ली। जानकारी के मुताबिक आज करीब 10 बजे उनके निवास स्थान आवागढ़ कंपाउंड से उनकी शव यात्रा निकाली जायेगी जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। देश से विदेश तक अमित साह की फोटोग्राफी के चर्चे थे। राज्य के तमाम विभागों के ( शेष पेज सात पर )

## चारा पत्ती लेने गए बुजुर्ग को हाथी ने कुचलकर मार डाला

कोटद्वार। उत्तराखंड के लैंसडॉन वन प्रभाग की कोटद्वार रेंज में एक बुजुर्ग को हाथी ने कुचलकर मार डाला। बुजुर्ग का शव तीन दिन बाद आज सोमवार को जंगल



से मिला। जानकारी के अनुसार, बुजुर्ग राजेंद्र सिंह(75) 15 सितंबर को कोटद्वार रेंज में ग्रष्टनगंज के जंगल में चारा पत्ती लेने के लिए निकले थे। उसी दिन से वे लापता थे। आज सुबह लोगों ने बुजुर्ग का शव जंगल में देखा। इसकी सूचना बन विभाग को दी गई। रेंजर अजय ध्यानी ने बताया कि बुजुर्ग को हाथी ने मारा है।

## कांग्रेस विधायक मदन सिंह बिष्ट के खिलाफ केस दर्ज

### द्वाराहाट इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक से गाली गलौच का वीडियो वायरल

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। उत्तराखंड विधानसभा सीट द्वाराहाट से कांग्रेस के विधायक मदन बिष्ट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसमें वह इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक डॉ. केकेएस मेर को धमकाते और अभद्र भाषा का प्रयोग करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान विधायक द्वारा निदेशक की पत्नी के वीडियो बनाने पर नाराजगी जताते हुए सत्ताधारी पार्टी और सीएम के खिलाफ भी अभद्रभाषा का इस्तेमाल करते हुए वायरल वीडियो में नजर आए। डॉ. मेर की तहरीर पर पुलिस ने विधायक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। विधायक ने भी प्रोटोकॉल के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए निदेशक के खिलाफ तहरीर दी है। हालांकि विधायक की तहरीर पर केस दर्ज नहीं हुआ है। डॉयरेक्टर डॉ. केकेएस मेर ने अपनी तहरीर में कहा कि शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे नारायण सिंह रावत नाम के व्यक्ति ने उन्हें फोन किया और विधायक मदन सिंह बिष्ट से बात कराई। विधायक ने उनसे कॉलेज के कार्यों और टेंडर के संबंध में पूछताछ किया, जिसका उन्होंने जवाब दिया। इसके बाद उनके दूसरे नंबर पर कई कॉल आईं जो उन्होंने रिसीव नहीं की। निदेशक का आरोप है कि रात करीब 10 बजे विधायक अपने समर्थकों के साथ परिसर स्थित उनके आवास पहुंचे और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज देने लगे। उनके साथ आए नारायण सिंह रावत ने विधायक से माफी मांगने के लिए कहा। बाहर नहीं आने पर दरवाजे को जोर-जोर से पीटा गया। इससे घर में मौजूद पत्नी और बेटी में दहशत में आ गईं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने विधायक मदन सिंह बिष्ट के खिलाफ धारा 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।



## मुठभेड़ में गोली लगने से ईनामी बदमाश घायल

हरिद्वार(उद संवाददाता)। देर शाम भगवानपुर क्षेत्र में रूटीन चौकिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार एक बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर फायर कर भागने के दौरान पुलिस द्वारा जबाबी कार्यवाही में पैर पर गोली लगने से घायल हुआ ईनामी बदमाश। जिसे उपचार हेतु सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देर शाम जनपद के थाना भगवानपुर क्षेत्र में रूटीन चौकिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार एक बदमाश द्वारा अचानक पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर पकड़े जाने के डर से गन्ने के खेत में छिपने तथा पुलिस की घेरेबंदी में पुलिस कर्मियों पर फायर झोंकने के



फलस्वरुप पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश शहजाद पुत्र शेरु निवासी भंगेड़ी, रुड़की के दाहिने पैर में गोली लगी जिसको तत्काल रुड़की सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके इलाज में लगे डॉक्टर के अनुसार "फिलहाल खतरे की कोई बात नहीं है" कहा। एसएसपी द्वारा अस्पताल जाकर घायल बदमाश का हाल-चाल जाना एवं एसपी देहात स्वप्न किशोर सिंह से घटना की पूरी जानकारी लेते हुए अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उक्त बदमाश शहजाद 2 वर्ष पूर्व सन् 2021 में जनपद के थाना पथरी क्षेत्रांतर्गत डाली गई डकैती में वांछित था। जिसपर पुलिस ( शेष पेज सात पर )

## गौला बैराज में रिटायर्ड फौजी का शव मिलने से सनसनी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम स्थित गौला बैराज में आर्मी के सेवानिवृत्त कैप्टन का शव पाए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जल पुलिस की मदद से शव को बैराज से निकलवाया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी आ गए और शव देखकर उनमें कोहराम मच गया। आशंका व्यक्त की जा रही है कि गौला बैराज में संदिग्ध परिस्थितियों में डूबने से उनकी मौत हो गई है। पुलिस ने पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार सेवानिवृत्त कैप्टन नरेश भट्ट अपनी वृद्ध पत्नी के साथ नवाबी रोड में रहते थे। बच्चे उनके साथ नहीं रहते हैं। पुलिस के मुताबिक गत सुबह कैप्टन गौला बैराज पहुंचे। इसके बाद जल पुलिस को पता चला कि गौला बैराज में एक शव उतरा रहा है। बैराज के पास में मिले सेवानिवृत्त कैप्टन की चप्पल, आधार कार्ड और मोबाइल के आधार पर उनकी शिनाख्त हुई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

☞ 100 से 400 गज तक के प्लाट
☞ 100,160, 200 गज विला
☞ खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# धर्मिक स्थलों को चोर बना रहे निशाना

## सकैनिया चौकी से महज दो सौ मीटर की दूरी स्थित गुरद्वारे से चोरों ने उड़ाया दान पात्र

गदरपुर(उद संवाददाता)।गदरपुर क्षेत्र में आय दिन हो चोरी की घटनाएं रुकने का नाम ही नहीं ले रही है चोर एक के बाद एक ताबड़ तोड़ चोरी की घटनाओं को दे रहे अंजाम बीती रात्रि भी चोरो ने चौकी क्षेत्र के दो गुरुद्वारों को निशाना बनाकर उसमें रखे दानपात्र को चुरा ले गए जिसमें एक घटनास्थल चौकी से मात्र दो सौ मीटर की दूरी पर स्थित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चौकी क्षेत्र में आय दिन हो रही चोरी की घटनाएं हैं जो रुकने का नाम ही नहीं ले रही है।अभी 29 अगस्त की रात्रि ग्राम कुई खेड़ी में गुरुघर से चोरो ने दान पात्र का ताला तोड़ उसमे जमा लगभग डेढ़ लाख रुपये से ऊपर की नगदी को चुरा ले गए।अभी पुलिस उसका खुलासा कर नही पाई थी।हद तो तब हुई जब शनिवार की रात्रि चोरो ने पुलिस को ठेंगा दिखाते हुए सकैनिया पुलिस चौकी से महज दो सौ मीटर की दूरी पर स्थित गुरुद्वारे को निशाना बनाते हुए रात्रि लगभग ढाई बजे उसमे रखे दान पात्र को चुरा ले गए वही शनिवार की रात्रि ही चोरो ने सकैनिया के निकटवर्ती ग्राम खानपुर में भी गुरुद्वारे के दानपात्र को चुराकर ले गए।सुबह जब गुरुद्वारे के ग्रंथी साहब जब नितनेम हेतु पहुचे तो देखा समान तीतर वितर था और गुरुघर में रखा दानपात्र गायब था इसके बाद ग्रंथि साहब ने इसकी सूचना गुरुद्वारा कमेटी को दी गुरुद्वारा कमेटी द्वारा सकैनिया चौकी पहुंचकर थानाध्यक्ष राजेश पांडे को चोरी की तहरीर सौंप कर कार्यवाही की मांग की। वही चोरों द्वारा आए दिन धार्मिक स्थलों को निशाना बनाए जाने पर क्षेत्रीय जनता में भारी रोष है।इस दौरान व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष प्रमोद कम्बोज, ग्राम प्रधान संजय चौधरी,पूर्व ग्राम प्रधान सतनाम दास, व्यापार मंडल अध्यक्ष देशराज कम्बोज,कश्मीर चंद,वेद प्रकाश, मिलखराज,गुरनाम चंद,संदीप कम्बोज सहित अनेको ग्रामीण मौके पर मौजूद थे।

महज 200 मीटर की दूरी पर चोरों द्वारा जिस तरह गुरुद्वारा के दानपात्र को चुराया गया है बहुत निंदनीय कार्य है पुलिस द्वारा हम ग्रामीणों को चोरी के खुलासा हेतु एक हफ्ते का समय मांगा है यदि एक हफ्ते के भीतर चोरी का खुलासा नहीं होता है तो सामूहिक रूप से एकत्र होकर थाना गदरपुर का घेराव किया जाएगा।

**–व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ देशराज कम्बोज**

धार्मिक स्थल पर चोरी अत्यंत दुख का विषय है चोरी चौकी से मात्र 200 मीटर की दूरी पर हुई है इसका मतलब पुलिस द्वारा भी अपनी जिम्मेदारी को बखूबी नहीं निभाया जा रहा है और रात्रि गस्त भी नहीं की जा रही यदि रात्रि गस्त होती तो हो सकता है इस तरह की घटना न घटती।

**– प्रधान संघ जिला उपाद्यक्ष संजय चौधरी**

# वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों के साथ काम करने का लिया निर्णय

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उड़ान एक नई दिशा की ओर संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों ने शांति विहार कालोनी स्थित एक वृद्धा आश्रम में समाज के बुजुर्गों के साथ वक्त साझा किया। संस्था ने इस साल इसी आश्रम के साथ काम करने का निश्चय किया है। संस्था का कहना है कि समाज के इस वर्ग के लोगों को ज्यादा अपनो की जरूरत होती है। उनके साथ वकध्त बिता के उनका आशीर्वाद प्राप्त करना चाहते हैं। साथ ही संस्था की अध्यक्षा श्रीमती सीमा सिंह के इस प्रयास की सराहना करते हैं। जिसने इन सदस्यों को अपने घर के सदस्यों की तरह रखा है।



संस्था की चेयरपर्सन ज्योति गोयल ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा आगामी 17 दिसंबर को एक फण्ड रेजएर मेले का आयोजन किया जा रहा है। संस्था की अध्यक्षा पायल अग्रवाल, सेक्रेटरी आस्था गर्ग अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रिचा मित्तल, उपाध्यक्ष प्रिया गर्ग, दीपाली मिश्रा, नीतू गोयल, प्रियंका अग्रवाल, शोभी गर्ग, श्वेता गोयल, सोनल बंसल , आकांक्षा मित्तल, सिल्की मित्तल, सरिता अग्रवाल, कंचन अग्रवाल आदि ने सभी से इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उनका सहयोग की अपील की है।

# अवैध स्मैक के साथ दो नशा तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना पुलिस व एसओजी टीम ने संयुक्त चौकिंग अभियान में अलग अलग स्थानों से दो नशा तस्करों अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार प्रमोद पाठक थानाध्यक्ष काठगोदाम एवं राजवीर सिंह नेगी प्रभारी एसओजी के नेतृत्व में एसओजी एवं थाना काठगोदाम की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चौकिंग अभियान के दौरान गोविन्द ग्राम स्टेडियम रोड गौलापार काठगोदाम से एक नशा तस्कर द्वारा 10.28 ग्राम अवैध स्मैक कार संख्या यूए 013595 में ले जाते हुये गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता वत्सल्य बिष्ट पुत्र स्व. राजीव बिष्ट निवासी शाहजी निवास सिविल लाईन भोटिया पड़ाव हाल निवासी भट्ट वाली गली तिकोनिया बताया।पूछताछ में गिरफ्तार



व्यक्ति ने बताया कि वह काफी समय से स्मैक का सेवन करता हैं तथा फुटकर में भी स्मैक को बेचता है। यह माल में 2–3 दिन पूर्व बहेड़ी निवासी एक से लेकर आया था और काठगोदाम, बनभुलपुरा, हल्द्वानी क्षेत्र में बेचकर मुनाफा के लालच में आ गया था। पुलिस टीम में उनि फिरोज आलम चौकी मल्ला काठगोदाम, कानि. योगेश कुमार, अशोक रावत शामिल थे।वही एक अन्य मामले में एएनटीएफ तथा थाना काठगोदाम की संयुक्त टीम द्वारा 17.15 ग्राम स्मैक के तस्कर को किया गिरफ्तार। जानकारी में अनुसार उप निरीक्षक कृपाल सिंह द्वारा व जिला एएनटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा चंबल पुल दमुआदुगा के पास से एक व्यक्ति को स्मैक तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता नवीन पांडे पुत्र शिवदत्त निवासी शिवपुरी, काठगोदाम बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से कुल 17.15 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस टीम में उप निरीक्षक कृपाल सिंह, कानि. अमनदीप सिंह, एएन टी एफ। सोनू सिंह, राजेंद्र जोशी, अरविंद कार्की, भुवन चंद शामिल थे।

# रश्मि राजपाल बनी पंजाबी वूमन क्लब की अध्यक्षा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।पंजाबी जनकल्याण समिति अध्यक्ष प्रदीप कक्कड़ व संरक्षक सुभाष मोंगा द्वारा रश्मि राजपाल को पंजाबी वूमेन क्लब का अध्यक्षसरिता नरूला व पूनम क्वात्रा को महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है । श्री कक्कड़ ने विश्वास जताया कि नवनियुक्त पदाधिकारी संस्था के प्रति निष्ठावान रूप से सेवा कार्य करती रहेगी। नवनियुक्त अध्यक्ष रश्मि राजपाल ने संस्था अध्यक्ष व संरक्षक का आभार करते



हुए बताया कि वह अध्यक्ष पद की गरिमा को समझते हुए पंजाबी वूमेन क्लब को नई ऊंचाइयों तक लेकर जाएगी । क्लब महामंत्री सरिता नरूला व पूनम क्वात्रा ने बताया कि पंजाबी वूमेन क्लब की महिलाएं हर वर्ष की तरह धूमधाम से करवाचौथ मेला, वृक्षारोपण कार्यक्रम, रक्तदान शिविर व अन्य सामाजिक कार्यों को बढ़–चढ़कर करेंगे।

# जन समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रदेश की बदहाल सड़क, बिजली एवं पानी की गम्भीर समस्या के समाधान की मांग को लेकर कांग्रेस जनों ने सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। जिसमे कहा गया है कि ऊर्जा प्रदेश उत्तराखण्ड में विद्युत कटौती से आम जनमानस अत्यन्त त्रस्त है। इस सकट के लिये राज्य सरकार जिम्मेदार है। बिजली बिना जीवन यापन करना आम जनमानस के लिये मुश्किल हो गया है। प्रदेश की जनता गर्मी से पहले ही बेहाल है उस पर विद्युत कटौती से पीने के पानी की किल्लत से लोगों का जीवन दुभर हो गया है। उत्तराखण्ड देवभूमि है और देश विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का हर वर्ष उत्तराखण्ड आगमन होता है। खराब सड़कों के कारण उत्तराखण्ड के पर्यटन



व्यवसाय को काफी नुकसान हो रहा है। जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था काफी प्रभावित हो रही है।सड़कों का इतना बुरा हाल है कि पता ही नहीं चलता कि सड़क पर गढ़ढा है या गढ्ढे पर सड़क। खस्ताहाल सड़कों के कारण कई परिवारों ने अपनों को असमय खोया है। इन असमय मौतों की जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की है। मुझ मंत्री से मांग की है कि उत्तराखण्ड के आम जनमानस की मूलभूत समस्याओं बिजली, पानी और सड़क पर अविलम्ब संज्ञान लेकर समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। अन्यथा कांग्रेस आम जनमानस को साथ लेकर प्रदेशभर में आन्दोलन करने को बाध्य होगी जिसकी पूरी जिम्मेदारी उत्तराखण्ड सरकार की होगी। ज्ञापन देने वालों में महानगर अध्यक्ष गोबिन्द सिंह बिष्ट, विधायक सुमित हृदयेश, पूर्व विधायक संजीव आर्या, जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल आदि थे।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया

रूद्रपुर। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नगर निगम रुद्रपुर के अध्यक्षता में नगर निगम सभागार में विभिन्न विद्यालयों के एन.सी.सी एवं आर.एस.एस. के छात्र–छात्राओं, वंदे मातरम समाज सेवी ग्रुप, रुद्रपुर, नारी शक्ति सेवा नगर निगम रूद्रपुर एवं सुधा संस्था अल्मोड़ा की भागीदारी के सहयोग से नगर निगम रुद्रपुर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन करते हुऐ स्वच्छता पखवाड़ा के संबंध में जागरूक किया गया। माननीय महापौर महोदय एवं माननीय नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभागार में उपस्थित सभी लोगों को सोर्स सेग्रीगेशन तथा शहर को कूड़ा मुक्त शहर बनाने बारे में सुझाव दिए गए। साथी विभिन्न विद्यालय से आए छात्र–छात्राओं को स्वच्छता टी शर्ट एवं स्वच्छता कैप का वितरण करने के पश्चात स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम में नगर निगम के अधिकारी गण श्रीमती राजू नबियाल, सहायक नगर आयुक्त, श्री दीपक गोस्वामी सहायक, नगर आयुक्त, डॉ हर्ष पाल सिंह चंडोक, नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं नगर निगम के अन्य अधिकारी/कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# वेदांती जोशी ने कत्थक नृत्य से बनाई पहचान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। संगीत नाटक अकादमी दिल्ली के सहयोग से मोहन उप्रेती लोक संस्कृति कला एवं विज्ञान शोध समिति के तत्वाधान में कत्थक नृत्य व्याख्यान प्रदर्शन श्रृंखला का आयोजन कत्थक नृत्य के प्रचार प्रसार के लिए किया गया।कत्थक नृत्य व्याख्यान प्रदर्शन श्रृंखला के अंतर्गत कत्थक नृत्य केंद्र नंदा विहार में नृत्यांगना वेदांती जोशी द्वारा कत्थक नृत्य का प्रदर्शन किया गया। वेदांती जोशी ने बच्चों को कत्थक नृत्य की उत्पत्ति, विकास क्रम ,कत्थक के ताल पक्ष तथा भाव पक्ष की जानकारी देते हुए बताया कि कत्थक सीखने के लिए बच्चों को सीसीआरटी, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार कई तरह की छात्रवृतियां देता है जिसका लाभ हमारे क्षेत्र के बच्चों को लेना चाहिए। नृत्य केंद्र की निर्देशक रेनू नेगी ने वेदांती जोशी को सम्मानित करते हुए उनके विषय में बताया कि सेंट मैरी कॉन्वेंट




नैनीताल व हल्द्वानी के सेंट टेरेसा , निर्मला कॉन्वेंट से पढी वेदांती जोशी एक कुशल कत्थक नृत्यांगना है। इन्हें उत्तराखंड की बेटी सम्मान , हरियाणा से संगीत पुरुषोत्तम अवार्ड, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से किशोर संगीत कला शिरोमणी अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। वेदांती जोशी की देश के कई प्रतिष्ठित मंचों पर एकल प्रस्तुति हो चुकी है। जिनमे तमिलनाडु, दिल्ली, आंध्र प्रदेश, अल्मोड़ा, नैनीताल, हल्द्वानी, रामनगर, लखनऊ, गाजियाबाद और इलाहाबाद प्रमुख है। कत्थक नृत्य की प्रस्तुतियां दूरदर्शन से भी प्रसारित होती रहती हैं। इन्होंने कई राष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रतिभाग किया है।रेनू नेगी ने बताया कि हाल ही में दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम अमृत काल – विमर्श, विकसित भारत 2047 के तहत जी 20 की अध्यक्षता और इसके वैश्विक प्रभाव पर उच्च शिक्षा संस्थानों के परिसर में एक विकास संवाद कार्यक्रमो शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का मंच संचालन वेदांती द्वारा किया गया। यह हमारे लिए बड़े गर्व की बात है।कत्थक नृत्य केंद्र में हुए कार्यक्रम में बच्चों से राष्ट्र प्रेम से संबंधित प्रश्न उत्तर किए गए। सही जवाब देने वाले छात्राओं को मोहन उप्रेती लोक संस्कृति कला एवं विज्ञान शोध समिति के अध्यक्ष हेमंत जोशी द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# धूमधाम से मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन

गूलरभोज(उद संवाददाता)। शिव मंदिर रेलवे फाटक के पास भाजपा कार्यकर्ताओं एवं व्यापारियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जन्मदिन बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया और मिष्ठान भी वितरण किया गया इस अवसर पर नगर पंचायत चेयरपर्सन अनीता दुबे तरुण दुबे रमेश सागर नंदन सिंह कोचारी भूपेंद्र आर्य राजेश कुमार नरेश कुमार गोविंद राजभर कुलदीप रघुवंशी हरीश छाबड़ा विजय कुमार रामकिशन आहूजा आदि लोग उपस्थित रहे।



# चतुर्थ श्याम सकीर्तन में जमकर झूमे श्याम प्रेमी







गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वधान में नगर की विशाल अनाज मंडी में भव्य श्री श्याम सकीर्तन का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया। श्री श्याम सकीर्तन में मुख्य रूप से पहुचे परम् पूज्य महाराज श्री महिपाल जी महाराज (रमणरेती वृन्दावन धाम) के सानिध्य बाबा के सकीर्तन से पूर्व विधिवत पूजन किया गया। सकीर्तन हेतु पूजन श्री सनातन धर्म मन्दिर के पुजारी श्री विजय शास्त्री द्वारा विधिवत रूप से कराया गया जिसमें बाबा की पूर्ण पूजा जजमान के रूप में आये वरिष्ठ समाज सेवी विनोद भुसरी एवं सनातन धर्म मन्दिर के अध्यक्ष वेद बजाज के परिवार द्वारा श्याम मित्र मंडल के साथ संयुक्त रूप से कराई। पूजन के पश्चात बाबा श्याम की सुंदर व मनमोहक छवि के दर्शन खोले गए व बाबा गजब का लग रहे है नजर उतारो बाबा की। वो भी इसलिए क्यों कि बाबा श्याम की जिस छवि का श्रृंगार हुआ वो भी अपने आप मे एक महत्वपूर्ण इतिहास रखता है। क्यों कि नगर के रहने वाले और बाबा श्याम के लाडले भाई राहुल चन्द्रा के निवास पर विराजमान बाबा श्याम की सेवा निरन्तर चलती रहती है भले ही बाबा के भोग हो या आरती समय पर होती है और इतना ही नही जब भी राहुल चन्द्रा द्वारा बाबा का श्रृंगार किया जाता है तो बाबा की असीम कृपा से उस छवि के दर्शन कुछ अलग ही कृपा बरसाते नजर आते है।राहुल चन्द्रा का कहना है कि बाबा श्याम की कृपा से ही वह बाबा का श्रृंगार कर पाते है और इस कृपा के पीछे उन्होंने एक ही बात कही करने वाले श्याम जी कराने वाले श्याम जी मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है करते हो तुम बाबा मेरा नाम हो रहा है।दरबार मे आये मुख्य रूप से क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय,उत्तरांचल दर्पण के प्रधान संपादक परमपाल सुखीजा, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़,वरिष्ठ समाजसेवी संजय ठुकराल,वरिष्ठ समाजसेवी विनीत जैन,वरिष्ठ समाजसेवी विनोद भुसरी,वेद बजाज,आढ़ती संगठन के अध्यक्ष सतीश घिक सहित तमाम राजनैतिक सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने बाबा के भव्य सकीर्तन की भरपूर सराहना करते हुए श्याम मित्रमंडल को बधाई दी। बाबा श्याम के चरणों में गदरपुर सहित रुद्रपुर किच्छा हल्द्वानी मझोला पीलीभीत खटीमा सितारगंज बिलासपुर रामपुर काशीपुर आदि स्थानों से श्याम प्रेमी बाबा के दर्शन पानी के लिए पहुंचे साथ ही दिनेशपुर नंदपुर रुद्रपुर बाजपुर आदि स्थानों से सैकड़ो श्याम प्रेमी पैदल ही बाबा का निशान लेकर कई किलोमीटर का सफर तय करके बाबा के संकीर्तन में हाजिरी लगाने आए।सकीर्तन में दिल्ली से आए विश्व विख्यात एवं बाबा श्याम के लाडले भजन प्रवाहक शीतल पांडे द्वारा मधुर मधुर भजनों की धूम मचा दी। शीतल पांडे द्वारा अपने भजनों से जहां एक और श्याम प्रेमियों को बाबा श्याम के चरणों से जोड़ने का कार्य किया तो वहीं दूसरी ओर बाबा श्याम की कृपा और चमत्कारों से श्याम प्रेमियों को और रूबरू कराते हुए मंत्र मुक्त कर दिया। भजन प्रभात शीतल पांडे द्वारा उपस्थित हजारों की संख्या में पहुंचे श्याम प्रेमियों को आते ही पहले भजन से ही झूम और नाचने पर मजबूर कर दिया वही श्याम मित्र मंडल ने शीतल पांडे पर पुष्पों की बौछार करते हुए उनका अभिनंदन किया मुख्य रूप से शीतल पांडे द्वारा तेरी रहमतों का किस्सा सरे श्याम चल रहा है, तेरा साथ है तो फिर क्या कमी है, बाबा तू इतना बता, दास तुम्हारा, मुझे बेटा कहकर बुलाना पड़ेगा, मेरे श्याम तुम्हारे चरणों में एक तेरा दीवाना आया है, हारे हारे हारे तुम्हारे के सहारे, श्याम बाबा श्याम बाबा तेरे पास आया हूं चरणों में तेरे अरदास आया हूं, ऐसी सुबह ना आए सहित बहुत से मधुर भजनों से श्याम प्रेमियों को नाचे ढूंढने और मंत्र मुक्त करने का कार्य किया। बाबा श्याम के संकीर्तन में शीतल पांडे द्वारा मात्र 2 वर्ष की बिटिया रागिनी बत्रा से राम राम, जय माता दी, जय श्री श्याम, राधे राधे सहित शीतल चाचू कहलाकर श्याम प्रेमियों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया वहीं बाबा श्याम के चरणों में रागिनी बत्रा के लिए अरदास लगाते हुए रागिनी बत्रा को मां दुर्गा रूपी कन्या के रूप में चुनरी ओढ़ाकर आशीर्वाद लिया। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रधान सेवादार विजय अनेजा द्वारा श्याम मित्र मंडल की ओर से शीतल पांडे को स्मृति चिन्ह बैठकर उनको शाम मित्र मंडल की सुनहरी यादगार के रूप में बाबा श्याम की छवि दी। वही भजन प्रवाहक शीतल पांडे ने कहां गदरपुर में आकर उन्हें बहुत खुशी मिली है कि यहां के शाम प्रेमी आरती समय तक हजारों की संख्या में बाबा श्याम के चरणों में बैठकर संकीर्तन का आनंद ले रहे हैं।वही बाबा श्याम की छवि के एक दर्शन पाने के लिए शाम 7:00 बजे से ही श्याम प्रेमियों की कतारे लगनी शुरू हो गई जो की रात्रि लगभग 2:00 तक चलती रही और बाबा की छवि के दर्शन प्राप्त करती रही। श्याम बाबा के भव्य संकीर्तन में आए शाम प्रेमियों के जलपान के लिए कढ़ी चावल के प्रसाद के रूप में भरपूर लंगर का इंतजाम राधा रसोई के माध्यम से किया गया अखिल भारतीय श्री श्याम परिवार के श्याम प्रेमियों द्वारा हजारों की संख्या में आए शाम प्रेमियों को श्रद्धा और भाव के साथ राधा रसोई में कढ़ी चावल का प्रसाद भरपूर रूप से खिलाया गया। अखिल भारतीय श्याम परिवार के सभी सदस्यों ने श्रद्धा भाव के साथ बाबा श्याम के चरणों में हाजिरी लगाकर कहा उन्हें बहुत खुशी है कि बाबा श्याम हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बहुत ही धूमधाम से अपने बच्चों से मिलने आए हैं और उन्हें सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा एवं युवा समाजसेवी लवली हुड़िया ने श्री श्याम मित्र मंडल को बधाई संदेश देते हुए बाबा श्याम के भव्य सकीर्तन की सराहना की। उन्होंने कहा वह देहरादून होने के कारण सकीर्तन में नही पहुँच सके लेकिन सोशल मीडिया पर हो रहे लाइव सकीर्तन का भरपूर आंनद लेते हुए वह देहरादून से गदरपुर तक आये है उन्होंने श्री श्याम मित्र मंडल के समस्त श्याम प्रेमियों को भी बधाई दी ।इस दौरान अशोक छाबड़ा,विजय सुखीजा, कृष्ण लाल सुधा,डॉक्टर आलोक श्रीवास्तव, डॉक्टर सोनू विश्वास, विनोद भुसरी, वेद बजाज ,रविंद्र बजाज ,अतुल पांडे, अशोक पोपली,सोमनाथ छाबड़ा,प्रमोद बजाज, नवीन सुखीजा, सागर गाबा, सतीश मिड्डा, अमरजीत ,परमजीत सिंह पम्मा, मनोज गुम्बर, मनोज बजाज, दीपक बेहड़,पंकज सेतिया, कपिल अरोरा, राहुल अनेजा, राकेश भड्डी बन्टी, अंकित मुंजाल, अजय खेड़ा, संजीव नागपाल, आशु बजाज, सोमनाथ छाबड़ा, सतीश घीक,कृष्ण लाल अनेजा, राजीव छाबड़ा, राजेश सक्सेना, रजत दुआ, दीपक कक्कड़, सिमरन गाबा,बन्टी भड्डी, राजकुमार, मनदीप चौधरी, दीपक डाबर, श्वेता डाबर ,वरुण कालड़ा,राजू कालड़ा, रचित सक्सेना, अमन बत्रा,संजय कुमार, अक्षित बेहड़, शुभम शुक्ला, जसपाल सिंह,रूपांशु ठुकराल, कमला यादव, अनिल कुमार,विशन ,मीनू, कपिल चंद्रा, लवकुश, विपिन, रवि, लक्ष्मी, विपाशा,वही श्याम मित्र मंडल से विजय अनेजा, सन्टी कालड़ा,कपिल चन्द्रा, राहुल चंद्रा, सचिन बत्रा, रोहित सुदामा, गौरव बत्रा, गौरव तेजवानी,गोल्डी गाबा,केशव गुम्बर,जीतू गंगवार,लविश गाबा, मनीष फुटेला,मुनि भुसरी,नरेश पसरीचा,महक चौधरी,यशपाल गुम्बर,रोबिन फुटेला, साहिल नारंग, शोभित हुड़िया, विक्की मरवा,अंकित गगनेजा,अंकुश अनेजा, कुनाल ग्रोवर,गुड्डू भैया,निखिल मुंजाल, मोहित अग्रवाल, देव चौधरी,यश कालड़ा,रोहित कम्बोज, सचिन गाबा, रजत गाबा,विक्की भुसरी,सन्नी हुड़िया, समन मुंजाल,सार्थक सुखीजा, मुकेश चावला,सागर ठक्कर,चिराग अनेजा, दीपक खेड़ा, संजीव कुमार, यशपाल गुम्बर, सावन गुम्बर,वंश गाबा, विवेक गुप्ता,हिमांशु गगनेजा, अमन नारंग, अंकित अग्रवाल,चेतन कक्कड़,विशाल बत्रा, वैभव बत्रा,नितिन छाबड़ा, लविश ग्रोवर, अक्षित गगनेजा, वैभव गगनेजा, विपिन बठला,दीपक डाबर, बाबू बठला, गोलू कालड़ा,दीपक सेतिया कपिल कामरा, मनीष सेतिया, मुकेश झाम,साहिल मदान,नितिन बत्रा, पारस पोपली, ऋषभ बठला, शुभम बत्रा, विवेक शर्मा , अंकुर चावला,गौरव मिगलानी,चेतन मैनी , भास्कर कुमार,मनीष गुंबर, मिक्की पोपली, टिप्सन नरूला, गौरव भुड्डी,शुभम गगनेजा, अनमोल भुड्डी, राजू शर्मा, अमित डिंगड़ा ,रजत कालड़ा, नरेश प्रजापति, प्रियांशु गुप्ता ,वंश गुप्ता ,दिव्यांश गुंबर ,हनुमत आदि मौजूद थे।







## बाबा श्याम का साक्षात्कार: मिलता है बाबा के होने का एहसास

गदरपुर। विगत तीन वर्षों से नगर में श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा भव्य श्याम सकीर्तन का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया जाता रहा है और अपने चतुर्थ कीर्तन की तैयारी भी उसी जोश और उत्साह के साथ की गई। विगत रात्रि श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वधान में चतुर्थ भव्य श्री श्याम सकीर्तन का आयोजन नगर की अनाज मंडी में किया गया। देखने वाली बात यह है कि भले ही हर वर्ष निशान यात्रा या सकीर्तन का दिन व दिनांक कोई भी हो बाबा श्याम अपने प्रेमियों और श्री श्याम मित्र मंडल को अपनी भक्ति का का एहसास करा ही देते है। ज्ञात हो सितम्बर माह में होने वाले चारो वर्षो के दिन ओर दिनांक पर नजर डाले तो बाबा श्याम की कृपा से भरपूर बरसात होती है लेकिन बाबा श्याम की ज्योत सुबह से ही जला दी जाती है उसके बात खराब से खराब मौसम हो या आंधी तूफान वही थम जाता है।और सबसे बड़े आश्चर्य की बात तो यह है कि बाबा श्याम की छवि का श्रृंगार होते ही जब सकीर्तन के लिए बाबा के प्रथम दर्शन खोले जाते है तो मात्र कुछ पल के लिये हल्की सी बौछार छीटा का रूप लेकर श्याम प्रेमियों के दुखों को हर लेती है और जब सकीर्तन के समापन अर्थात आरती का समय आता है तो फिर से मौसम अपना विकराल रूप लेना शुरू कर देता है और प्रसाद वितरण के पश्चात जब बाबा श्याम के वापसी के लिए उन्हें वाहन में उनकी अखण्ड ज्योति के साथ विराजमान कर दिया जाता है तो इंद्र देव फिर से बरसात कर देते है। बाबा श्याम के चतुर्थ सकीर्तन में गदरपुर कीर्तन स्थल के आसपास के क्षेत्र में विगत रात्रि भरपूर बरसात रही लेकिन कीर्तन स्थल पर बरसात की एक बूंद तक नही पड़ी। हजारो की संख्या में आये श्याम प्रेमियों ने बाबा श्याम के इस चमत्कार को अपनी आँखों से देखा भी ओर महसूस भी किया। हर कोई बाबा श्याम के इस कृपा को शब्दों में बयां नही कर पा रहा है और बाबा के जोरदार जयकारो से अपनी खुशी और बाबा के साक्षात्कार को इजहार कर रहा है।।

## बीमा पेंशनर्स ने नई पेंशन योजना का किया विरोध

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।हल्द्वानी डिवीजन इंश्योरेंस पेंशनर्स एसोसिएशन का प्रथम सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रवण मिश्रा ने कहा कि निरंतर संघर्ष व एकता से फैमिली पेंशन 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत कर दी गयी है। अब पेंशन अपडेशनके लिये संघर्ष करना है। संयुक्त सचिव पीके शर्मा ने कहा कि हमें नई पेंशन योजना के विरुद्ध संघर्ष करना है। नार्थ सेंट्रल जोन इंश्योरेंस एम्प्लाइज फेडरेशन के महामंत्री राजीव निगम ने कहा कि जो सरकार जनविरोधी है उसको बदलना जनता का कर्तव्य है। सम्मेलन में जीसी तिवारी, एसएस नेगी, सीपी सिंह ,डीके पांडे आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। सम्मेलन में एसोसिएशन के पदाधिकारी सर्व सम्मति से चुने गये। जिनमे जेके जोशी अध्यक्ष, आरएस डोगरा एवं बीसी जोशी उपाध्यक्ष, राकेश शर्मा महामंत्री,पीएस बिष्ट व मोहन सिंह अधिकारी संयुक्त सचिव, केएस धामी कोषाध्यक्ष, एन सिंह अधिकारी उपकोषाध्यक्ष,जीबी तिवारी आडीटर सभा की अध्यक्षता जेके जोशी ने और संचालन आरएस डोगरा ने किया।



# विधायक पांडे ने किया राष्ट्रीय पोषण जागगरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ

## 25 महिलाओं की गोद भराई, 25 बच्चों का अन्नप्राशन



गदरपुर(उद संवाददाता)। बाल विकास परियोजना गदरपुर द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन दिनेशपुर मोड़ के सामने स्थित सेठी बारातघर में किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रचलित एवं पुष्प अर्पित करते हुए किया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी बीना भंडारी के दिशा निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे द्वारा 25 महिलाओं की गोद भराई एवं 25 बच्चों का अन्नप्राशन करते हुए उपहार प्रदान किए गए ।वही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न प्रकार की रंगोली तैयार करके प्रदर्शित की गई राष्ट्रीय पोषण मा और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा आंगनबाड़ी केंद्र की उपलब्धियां का व्याख्यान करते हुए कार्यकर्ती गुड़िया,रमा,माधुरी, सीमा, मैना, गीता बेहड, पानमति, द्वारा एक जागरूकता नाटिका का भी मंचन करते हुए सभी को आंगनबाड़ी से संबंधित उपलब्धियां से अवगत कराया गया। एक बालिका अंशप्रीत द्वारा सुंदर नृत्य करते हुए अपनी कला का प्रदर्शन किया गया। आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक अरविंद पांडे ने कहा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत बाल विकास परियोजना द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकतियों के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम एक अच्छी शुरुआत है उन्होंने मातृ शक्ति का सम्मान करते हुए उन्हें शिक्षित बनाने और उनके आत्म सम्मान की रक्षा के लिए सभी को आहवान करते हुए जागरूक किया। विधायक अरविंद पांडे और उनकी पत्नी मनविंदर पांडे द्वारा महिलाओं को गोद भराई करते हुए उन्हें उपहार प्रदान किए गए। इस मौके पर बाल विकास परियोजना अधिकारी बीना भंडारी ने बताया,ष्स्वच्छ भारत स्वस्थ भारतष के अंतर्गतष्सही पोषण देश रोशनष की जानकारी के साथ राष्ट्रीय बाल पोषण माह का आयोजन 1 से 30 सितंबर तक किया जा रहा है। मोटे अनाज की गुणवत्ता का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओं द्वारा मोटे अनाज के पौष्टिकता युक्त विभिन्न प्रकार के व्यंजन एवं पकवान बनाकर उनका प्रदर्शन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह ने सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय पोषण माह की शुभकामनाएं देते हुए जागरुकता अभियान चलाते हुए केंद्रों पर लोगों को मोटे अनाज और पोषण के प्रति जागरुक करने के लिए अपील की गई सुपरवाइजर नीमा विष्ट द्वारा ष्रक्त अल्पता से रहना हो दूर,भोजन करें आयरन से भरपूर और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रति सभी को जागरुक रहकर प्रचार प्रसार करने का आह्वान किया। इस दौरान उनके द्वारा हरी सब्जियां, मौसमी फल तथा मोटे अनाजों के अधिक से अधिक प्रयोग करने की अपील की गई कार्यक्रम में विशेष सहयोग करने वाली सुपरवाइजर नीमा विष्ट,दीपा उप्रेती ,शफीकन खान, राजकुमारी,दरशो राणा भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मुनि भुसरी ,अक्षत ठाकुर, जसराम जोशी के अलावा





समाजसेविका किरण सिंह,गीता रानी, हरभजन कौर,रोजी कौर,गीता बेहड़,मनप्रीत कौर, गीता पपोला, निर्मला, अर्चना गीता रानी, लक्ष्मी, बलविंदर कौर,अमनदीप, मोनिका,रजनी बत्रा, सोनिया,परमजीत कौर,सोहनी शर्मा सुनीता रानी,खषटी देवी,रिंकी रानी,राधा चंद, हरजिंदर कौर,नीलम रानी, गीता देवी , आनंदी देवी,बलविंदर कौर, सरस्वती, गीता सक्सेना, सुनीता, आसमा, भारती साहू,सुमन ढोंडियाल, प्रीति, कैलाश, पूजा,सुनीता,सरोज अरोड़ा, सुनीता ध्यानी, अमरीन, सपना, शबनम, मोनिका, रजनी, सुजाता, अंजू शर्मा, रानी कौर,उषा रानी, सोमा रानी सहित तमाम कार्यकर्ती शामिल रही।

# दरबार में घाटे वाले के दुख दर्द मिटाये जाते हैं

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल जी के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार श्री नरेश कुमार शर्मा, इंद्रा कॉलोनी, गली नंबर 3, रुद्रपुर में सजाया गया। जहां दूर दराज भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल का परिवार द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। महंत जी ने याही में भागवत याही में गीता, जलती रहे घाटे वाले ज्योत तेरी जलती रहे, छोड़ सारी दुनिया मैं आया तेरे कृपा बालाजी बनाये रखना, शिव कुमार ने श्री राम जय राम जय जय राम, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, पवन खेड़ा ने चलो दर्शन को मेंहदीपुर चलिये, रोहन भटनागर ने मेंहदीपुर के बालाजी, सुनील कुमार ने ये प्रार्थना मेरी, कुमार, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, विराट रस्तोगी, डी के करगेती, शिव कुमार, लवी अरोरा, आयुष अरोरा, लक्षमोहन शर्मा, अभिषेक शर्मा, राहुल शर्मा, त्रिलोक चंद शर्मा, महेश शर्मा, अजय शर्मा, अशोक, चन्द्र देवल, जसवीर सिंह, सौरभ





से पहुंचे भक्तों ने दरबार में पहुंचकर अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा, आज शनिवार है महावीर का वार है सच्चे मन से जो कोई गावे उसका बेड़ा पार है द्वारे, जो प्रेम से बोलेगा मेरे बाबा के जयकारे भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवं सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। वही भजनों की श्रृंखला में अजय जायसवाल ने दरबार में घाटे वाले के दुख दर्द मिटाये जाते है , बिट्टू अरोरा ने इतनी आयुष अरोरा ने देना है तो दे दे या लौटादे आदि भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर खघ्रैत अग्रवाल, अमन श्रीवास्तव, धर्मवीर चौधरी, अजय जायसवाल, पवन खेड़ा, अंटू रस्तोगी, बबलू रस्तोगी, पप्पू कश्यप, गोविंद कुमार, विपुल, वैभव गगनेजा, हरीश कालरा, विराट कुमार आर्य, राजा राधे, मनीष गोयल, विक्की यादव, मोहित देवल, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैंकड़ों भक्त मौजूद थे।

# एसएसपी कार्यालय में आईजी को दी भावभीनी विदाई

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं क्षेत्र नीलेश आनंद भरणे का पुलिस मुख्यालय स्थानांतरण होने पर एसएसपी कार्यालय रूद्रपुर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। आईजी के यहां पहुंचने पर एसएसपी डा मंजूनाथ टीसी ने स्वागत किया। इसके बाद एसएसपी समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने आईजी का शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह सम्मानित किया। इस मौके पर आईजी ने कहा कि अधीनस्थों के सहयोग से ही कठिन से कठिन कार्य आसानी से हल



हो जाता है। आपसी तालमेल बना कर कार्य किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारी व कर्मियों को उनके कार्यकाल के दौरान हासिल उपलब्धियों में सहयोग देने के लिए आभार जताया। साथ ही ईमानदारी व निष्ठा से ड्यूटी करने की बात कही। इस दौरान एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल,सीओ सिटी अनुषा बडोला,सीओ खटीमा वीर सिंह, इंस्पेक्टर रुद्रपुर कोतवाली विक्रम राठौर, निरीक्षक ट्रांजिट कैंप सुंदरम शर्मा, यातायात निरीक्षक विजय विक्रम, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार, पेशकार निरीक्षक सलाउद्दीन,पीआरओ इंस्पेक्टर भारत सिंह, पुलिस संचार विभाग के एसएचओ परविंदर सिंह समेत अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# रूद्रपुर में निरंकारी मिशन ने लगाया ब्लड डोनेशन कैंप

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर स्थित नैनीताल हाइवे पर निरंकारी भवन में जिला अस्पताल की चिकित्सकों के माध्यम से मिशन के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी मनोज कुमार शर्मा के द्वारा किया गया जिसमें मिशन के सभी सेवादारों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। मिशन के संचालक सुरेंद्र सिंह ने कहा कि मिशन का उद्देश्य सेवा भाव का है जिस लिए



हम निरंतर इसी तरह के कैंप व स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत सेवा पखवाड़ा मानते हैं साथ ही ब्लड डोनेशन का हमारा उद्देश्य है कि खून नालियों में न भाकर नाडियो में वह यही हमारे सतगुरु का आदेश रहता है। इस दौरान राकेश कुमार सिंह, राम बिहारी वर्मा, उप्रेती, जितेंद्र, महेंद्र चौधरी, सुरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र गुप्ता, कमल यादव, हिमांशु, अनिल, चंद्रसेन गंगवार, कौशल गंगवार, अजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

# भूमि फ्री होल्ड कराने के लिए जिला प्रशासन ने लगाये शिविर

## इन्द्रा कॉलोनी में कार्यवाही का जिलाधिकारी उदयराज ने किया निरीक्षण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह जमीन फ्री होल्ड कार्यवाही की स्वयं कर रहे निगरानी। जिलाधिकारी उदयराज कॉलोनी में चल रही फ्री होल्ड की कार्यवाही का जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने निरीक्षण किया और स्वंय भी घर-घर जाकर पात्र व्यक्तियों के मौके घर-घर जाकर पूर्ण कराई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सितम्बर माह के अन्त तक लगभग 900 पत्रावलियां पूर्ण करा ली जायेंगी। उन्होंने बताया कराने के लिए वैण्डर, शपथ पत्र हेतु नोटरी, फोटो कॉपी आदि की भी व्यवस्था की गई है ताकि पत्रावलियां तैयार कराने में किसी भी प्रकार की






सिंह के निर्देशन में प्रशासन द्वारा कैम्प लगाकर एवं घर-घर जाकर नजूल भूमि फ्री होल्ड करने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके क्रम में इन्द्रा पर ही पत्रावलियां पूर्ण कराई।जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि भूमि फ्री होल्ड कराने के लिए 150 से अधिक पत्रावलियां अभी तक कि अक्टूबर माह के अन्त तक दो हजार पत्रावलियां हर हाल में पूर्ण कराने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पत्रावलियां पूर्ण दिक्कत न हो। इस दौरान मेयर रामपाल सिंह, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल आदि उपस्थित थे।

# गवर्नमेंट पेंशनर्स की बैठक में कई प्रस्ताव किए पारित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन की बैठक नगर निगम सभागार में जिलाध्यक्ष बीएल की अध्यक्षता व महामंत्री एस के नैय्यर के संचालन में आयोजित हुई। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष बीएस रावत व विशिष्टअतिथि बाली राम चौहान महामंत्री थे। बैठक में शाखा जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, रुद्रपुर, किच्छा, सितारगंज, खटीमा, हल्द्वानी, नैनीताल के पदाधिकारियों एव सदस्यों ने भाग लिया। सभी ने स्वर्गीय त्रिपुरारी शरण प्रांतीय संस्थापक अध्यक्ष की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। बैठक में आपसी विचार विमर्श के पश्चात सर्वसम्मति से कई पास किए गए। जिनमे राजकीय पेंशनर्स एवं परिवारिक पेंशन से गोल्डन कार्ड की मासिक कटौती कार्यरत कर्मचारियों की तुलना में पचास प्रतिशत करने, जनपद मे राजकीय व निजी चिकित्सालय पर निगरानी व गोल्डन कार्ड धारकों को इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है अथवा नहीं के लिए जिला अधिकारी या मुख्य चिकित्सा अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए ताकि जनपद में ही समस्या का निदान हो सके। गोल्डनकार्ड धारको को राजकीय एवं निजी चिकित्सालय में कैशलेस ओपीडी सुविधा उपलब्ध कराई जाए। राजकीय चिकित्सालय में ओपीडी में डॉक्टर के द्वारा लिखी गई पैथोलॉजी जांच के लिए गोल्डन कार्ड धारकों को सुविधा देने से मना किया जा रहा है। जबकि आयुष्मान कार्ड धारकों को यह सुविधा निशुल्क दी जा रही है। राजकीय पेंशनर्स के आयुष्मान कार्ड निरस्त करने के उपरांत ही गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं।कम से कम यह व्यवस्था राजकीय चिकित्सालय में शीध्र लागू की जाए।उत्तराखंड एवं देश के निजी विशिष्ट/विशेषज्ञ चिकित्सालय अनुबंधित सूची शीघ्र संगठन को उपलब्ध कराई जाए।जो अनुबंधित चिकित्सालय गोल्डन धारी पेंशनर्स का इलाज करने से मना करें, उसके ऊपर प्रभावी कार्रवाई की जाए एवं आवश्यकता पड़ने पर उसका लाइसेंस भी निरस्त किया जाए।जिन सदस्यों ने गोल्डन कार्ड अस्वीकार करते हुए ना का विकल्प दिया है उन्हें चिकित्सा पूर्व वर्ती शासनादेश को पुनर्जीवित करते हुए प्रति पूर्ति बिलों का भुगतान पूर्व की भाँति किया जाए। जिन सदस्यों ने गोल्डन कार्ड अस्वीकार करते हुए ना का विकल्प दिया है तथा उनसे मासिक कटौती कर दी गई है उसे संबंधित पेंशनर को की गई कटौती वापस किया जाए।जो सदस्य गोल्डन कार्ड हां या ना का विकल्प दे रहे हैं कोषागार द्वारा स्वीकार नहीं किया जा रहा है ।उन्होंने अवगत कराया है कि साइट खुल नहीं रही है यानी विकल्प भरने पर शासन द्वारा रोक लगा दी गई है। इसे शीघ्र खोला जाए।राजकीय पेंशनर्स को राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत समस्त पेंशनर्स का आहरण वितरण अधिकारी वरिष्ठ कोषाधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी, कोषाधिकारी को नियुक्ति किये जाए। बैठक में जेएस जैन, सीबी घिडिल्याल, राजबहादुर शर्मा , केवीएस यादव, वीके शर्मा, केएस रावत , पनवेश गुप्ता, एसके मलिक, घनश्याम कांडपाल, सत्य प्रकाश यादव, लीलांबर जोशी, सीता सिंह, विद्या, पानसिंह रौतेला, लीलाधर पांडे, मोहनलाल अरोडा, रामबिलास, ओपी चौहान, सुरेन्द्र सिंह, माला सिह , त्रिवेणी सहाय गंगवार, बीपी सिंह, मोहम्मद सगीर, बीसी जोशी, प्रभाकर तिवारी, विनोद जोशी, धर्मराज गहलोत, जगदीश सिंह, दिग्विजय सिंह, विजय पाल आदि उपस्थित थे।





**सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 17 सितम्बर 2023 को विश्वकर्मा दिवस के उपलक्ष्य में कार्यालय में अवकाश होने के कारण समाचार पत्र प्रकाशित नहीं हुआ।पाठकों को हुई असुविधा के लिये हमें खेद है।

– सम्पादक

# सामिआ लेकसिटी आवासीय कालोनी में किया विश्वकर्मा पूजन

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। सामिआ लेक सिटी आवासीय कालोनी में आज विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया था। जिसे सामिआ ग्रुप के डायरेक्टर आमोद शुक्ला द्वारा संपन्न कराया गया। विश्वकर्मा पूजा के बाद भंडारा किया गया था। इस अवसर पर डायरेक्टर आमोद कुमार शुक्ला ने कहा कि प्रत्येक वर्ष भगवान् विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है। इसका शिल्पकारों,कामगारों के जीवन का महत्वपूर्ण दिन है, इस दिन कारखानों,कार्यालो और कार्यस्थलों पर विशेष पूजा की जाती है साथ ही औजारो की भी पूजा की जाती है। श्रमिको द्वारा इस त्यौहार को हर्षोउल्लास से मनाया जाता है। जिससे उन्हें भगवान्



विशवकर्मा का आशीर्वाद मिलता है। विश्वकर्मा पूजा के बाद सामिआ ग्रुप के जनरल मैनेजर मरगूब त्यागी द्वारा एक होटल में पत्रकार वार्ता की गई जिसमे सामिआ लेक सिटी की समस्याओ का समाधान करने की बात कही गई। इस अवसर पर सामिआ इंटरनेशनल बिल्डर्स लिमिटेड के नवनियुक्त जनरल मैनेजर मरगूब त्यागी ,सुरेंद्र बहुगुणा ,समीर आर्य,अकील मलिक ,जावेद अहमद एडवोकेट,नवनियुक्त साइट इंचार्ज मोहम्मद आसिम आर्किटेक्ट दुष्यंत यादव, सामिआ लेक सिटी रूद्रपुर के अध्यक्ष विकास कक्कड़ एवं आवासीय कालोनी के निवासी मौजूद थे।

# रम्पुरा में गणेश पूजा कार्यक्रम का शुभारम्भ आज सायं

रूद्रपुर उद संवाददाता गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रम्पुरा स्थित शिव मंदिर चौरासी घंटा में श्री गणेश पूजा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाई जा रही है। यह जानकारी देते हुए आयोजक नव चेतना क्लब के नव निर्वाचित अध्यक्ष कांति कोली ने बताया कि पूजा का शुभारम्भ आज रात्रि 8 बजे होगा जिसमें मेयर रामपाल सिंह,



भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष उत्तम दत्ता व दक्षिण मंडल अध्यक्ष धर्म कोली मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में नव चेतना क्लब के अध्यक्ष कांति कोली सहित दीपक कुमार, बिट्टू कोली, अंकित वर्मा , रोहित कोली, सुमित कोली, अरूण कोली, अजय कोली, किशन कोली, गोलू कोली, शाका कोली, दीपक कोली, संदीप कोली, नीरज कोली, शिवा कोली, राजेश कोली, धर्मवीर कोली आदि एक जुट होकर कार्य कर रहे हैं। अध्यक्ष कांति कोली ने सभी से गणेश पूजा कार्यक्रम में सपरिवार पहुंचने की अपील की है।

# सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत लगाया रक्तदान शिविर

काशीपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73वें जन्मदिवस के मौके पर समूचे देशभर में सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज बाजपुर रोड स्थित द्रोणा सागर स्थित बहुउद्देशीय योग भवन में भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकर्ताओं के अलावा बड़ी तादाद में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी रक्तदान महादान में प्रतिभाग करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, दीपक बाली, राम मेहरोत्रा, समेत बड़ी तादाद में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता रहे।



## भाजपा नेताओं ने नहीं बोले सांत्वना के दो शब्द

काशीपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा द्रोणा सागर के जी बहुउद्देशीय योग भवन में आज ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया इसी भवन में दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार कुंदन शाह के त्रयोदशी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। भाजपा की तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने ब्लड डोनेशन कैंप में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए नरेंद्र मोदी जिंदाबाद भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे तो लगाए लेकिन किसी ने भी दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार कुंदन शाह के परिजनों से सांत्वना दो शब्द भी नहीं बोले जबकि दिवंगत पत्रकार की पुत्री अल्पना उनके दामाद जगदीश चंद्र के अलावा परिजन सुबह से द्रोणा सागर में मौजूद हैं।

# ब्लड बैंक में लायंस क्लब ने लगाया कैंप

काशीपुर। रामनगर रोड स्थित राजकीय चिकित्सालय के ब्लड बैंक अस्पताल में को लायंस क्लब काशीपुर सिटी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर निशुल्क रक्तदान शिविर संयुक्त रूप से कैंप लगाया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब काशीपुर सिटी अध्यक्ष महेश वर्मा व ला कोषाध्यक्ष हरिओम तोमर एवं वरिष्ठ लायंस समर पाल सिंह ग्रेवाल ने कहा कि आज निशुल्क ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया है तथा आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का भी जन्मदिन है। जिनके उपलक्ष में क्लब द्वारा सामाजिक मानव हित के लिए निशुल्क ब्लड डोनेशन कर बेसहारा लोगों की मदद के लिए क्लब हमेशा तत्पर है।

# पेज एक का शेष...

**पीएम मोदी ने गिनाई..**राज्य तेलंगाना के गठन के समय खून–खराबा भी देखा। इसी सदन ने कैंटीन में मिलने वाली सब्सिडी को खत्म किया। इसी सदन के सदस्यों ने कोरोना काल में सांसद फंड का पैसा जनहित में दिया।

**प्रख्यात फोटोग्राफर...**कैलेंडर में भी उनके चित्रों का प्रकाशन हुआ है। उनकी खींची हुई तस्वीरों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जगह मिल चुकी है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2019 में उनके द्वारा 2017 में खींची गई फोटो को इंटरनेशनल माउंटेन डे के अवसर पर बनाये गए स्पेशल पोस्टर में भी जगह दी गई थी।नैनीताल के प्रख्यात फोटोग्राफर अमित साह का देर रात उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। लोगों का कहना है कि उनका निधन हार्ट अटैक के कारण हुआ है। उनके निधन की खबर से चित्रकारों में शोक की लहर है। साह प्रख्यात फोटोग्राफर के साथ ही पर्वतारोही और ट्रैवलर भी थे। उन्होंने एस्ट्रो ट्रेल को नई पहचान दी थी। अमित साह जाने माने यू ट्यूबर भी थे। उनकी एक ही पोस्ट पर चार मिलियन तक व्यूज आते थे। फेसबुक, इंस्टाग्राम उनके हजारों फॉलोवर्स थे।

**पत्रकार जेडे हत्याकांड...**बनबसा रेलवे स्टेशन के पास से धर दबोचा। उसे बनबसा से लाकर हल्द्वानी थाने में दाखिल कराया गया है। जहाँ से उसे बाद में मुंबई भेजा जाएगा। एसटीएफ की इस कार्यवाही में हेकानि. महेन्द्र गिरी, किशोर कुमार व का. मोहित वर्मा की विशेष भूमिका रही। आयुष अग्रवाल के मुताबिक दीपक सिसोदिया पुत्र दलवीर सिंह जीतपुर नेगी हल्द्वानी का रहने वाला है और यह जून 2011 में मुंबई में हुए अंग्रेजी सांध्य दैनिक अखबार मिड डे के वरिष्ठ पत्रकार जेडे की हत्या में सम्मिलित होने का दोषी पाया गया था। इसने अण्डरवर्ड डॉन छोटा राजन गैंग के शूटरों साथ सम्मिलित होकर इस हत्याकांड को अंजाम दिलाया था। जिसमे यह अपराधी उम्रकैद की सजा काट रहा था।पिछले वर्ष में पैरोल में आने के बाद वापस न जाकर नेपाल भाग गया था । तब से एसटीएफ इस अपराधी के बारे में अपनी जानकारी एकत्रित कर रही थी और उन्ही एकत्रित जानकारी के आधार पर सटीक योजना बनाकर इस अपराधी की गिरफ्तारी संभव हो पाई।गिरफ्तार करने वाली टीम में एसटीएफ कुमाऊं यूनिट निरीक्षक एमपी सिंह, उनि केजी मठपाल, अउनि प्रकाश भगत, हेका. महेन्द्र गिरी, किशोर कुमार, का. मोहित वर्मा व गुरवंत सिंह शामिल थे।

**मुठभेड़ में गोली लगाने...**से बचकर लगातार अपने ठिकाने बदलते हुए फरार रहने पर ₹25000 का इनाम भी घोषित था। तभी से बदमाश शहजाद पुलिस से आंख मिचौली का खेल, खेल रहा था। शहजाद पर उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश में डकैती समेत अन्य गंभीर धाराओं में लगभग आधा दर्जन मुकदमें दर्ज हैं। एसएसपी हरिद्वार का चार्ज संभालने के साथ पहले दिन से ही एसएसपी परमेन्द्र डोबाल लगातार जनपद पुलिसकर्मियों की बैठके एवं अन्य प्रोफेशनल जानकारियों के साथ हरिद्वार पुलिस की कार्यप्रणाली में पैनापन लाने का प्रयास कर रहे हैं।

# जिलेभर से पहुंचे पत्रकारों ने दी दिवंगत शाह को श्रद्धांजलि

काशीपुर। वरिष्ठ पत्रकार कुंदन शाह के त्रयोदशी के मौके पर यहां जिले भर से बड़ी तादाद में पत्रकारों ने द्रोणा सागर स्थित बहुउद्देशीय योग भवन पहुंचकर वरिष्ठ पत्रकार कुंदन शाह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। काशीपुर मीडिया सेंटर से जुड़े तमाम पत्रकारों के अलावा रुद्रपुर से उत्तरांचल दर्पण के संपादक परमपाल सुखीजा, अशोक गुलाटी, सौरभ गंगवार आदि ने दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार कुंदन शाह की असमय निधन को अपूर्णनीय क्षति बताया। कहां की दिवंगत सनी अपने जीवन के तीन दशक स्वच्छ एवं निष्पक्ष पत्रकारिता को समर्पित किया। पत्रकारिता को दिया गया उनका यह योगदान आने वाली पीढियां के लिए नजीर साबित होगा।

# धूमधाम से मनाया मोदी का जन्मदिन

शक्तिफाम उद संवाददाता। भाजपा कार्यकताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। साथ ही श्री मोदी की दीर्घायु की कामना की। सभा को सम्बोधित करते हुय नैनीताल लोकसभा से सांसद प्रतिनिधि कार्तिक



रॉय ने कहा की मोदी विकास पुरुष है व प्रत्येक जन के लिए प्रेणाश्रोत है। उन्होंने हर एक क्षेत्र मे विकास कार्य किया है। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील विश्वास, मण्डल अध्यक्ष विष्णु पद प्रमाणिक,संजय बाछाड़,जगदीश डालमिया,देवू मण्डल, रवि मजुमदार, रविन्द्र विश्वास, मयंक अग्रवाल, सुबल विश्वास, गोविन्द पोखरिया, विक्रम सिंह भण्डारी, शंकर कुमार,आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ब्लाक स्तरीय वालीबॉल टीम का चयन

शक्तिफार्म उद संवाददाता। राजकीय इंटर कॉलेज गुरुग्राम में 14, 17 एवं 19 आयु वर्ग के बालकों का वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संयोजक प्रधानाचार्य रामायण प्रसाद और ब्लॉक खेल समन्वयक ललित मोहन मेहरा ने खिलाड़ियों का परिचय लेते हुए खेल का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में सितारगंज ब्लॉक के चार विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। 14 व 19 आयु वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म तथा 17 आयु वर्ग में नानकमत्ता विजय रहे। ललित जोशी,देवेंद्र खोलिया, धर्मेंद्र राणा, सचिदानंद एवं विशाल निर्णायक रहे।संजय गुरुरानी और कैलाश आर्य स्कोरर की भूमिका में रहे। प्रतियोगिता में निर्णायकों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन कर ब्लॉक से जिले की प्रतियोगिता के लिए टीम बनाई गई जो 18 सितंबर को टीम प्रभारी ललित जोशी के नेतृत्व में जनपदीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।



# बगवाड़ा से लापता किशोरी बरामद

रुद्रपुर। पुलिस ने चार दिन पहले चौकी बगवाड़ा क्षेत्र से लापता किशोरी को बरामद कर युवक को हिरासत में लिया है। पुलिस दोनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही। पुलिस के मुताबिक 13 सितंबर को बगवाड़ा चौकी क्षेत्र से एक महिला ने नाबालिग लड़की के लापता होने की सूचना दर्ज कराई। चौकी प्रभारी अशोक कांडपाल के मुताबिक पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर जांच एसआई मोहन चन्द्र जोशी को जांच दी गई। उन्होंने बताया कि किशोरी के परिजनों ने एक युवक पर पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया। आरोपी युवक की लोकेशन तलाशी गई। युवक की लोकेशन बिलासपुर में मिली। एसएसआई अर्जुन गिरी गोस्वामी ने बताया कि किशोरी को बरामद कर लिया है। युवक को भी हिरासत में लिया है। कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# लोगों के आने जाने के लिए परेशानी का सबब बनी टूटी सड़क

## सिरौली क्षेत्र के वार्ड वासियों व यात्रियों को करना पड़ रहा भारी दिक्कत सामना, सड़क पर गढ्ढो से हादसों का भी बना खतरा

-कैलाश पंडित-

किच्छा।नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत जनता इंटर कॉलेज से लेकर के सिरौली पुलिया तक नागरिकों का जीवन कष्टमय बन गया है। तमाम दावों के बावजूद जनता इंटर कॉलेज से लेकर के सिरौली पुलिया राष्ट्रीय राजमार्ग तक आने जाने के लिए बनी सड़क गड्ढों का पर्याय बन गई है। सिरौली क्षेत्र के लोगों को व वार्ड वासियों को भारी दिक्कत सामना आने जाने में करना पड़ रहा है ।टूटी सड़क के अलावा गंदगी से पटी लेफ्ट पहा नहर का हाल देख कर किसी महामारी से इनकार नही किया जा सकता है। सड़क और लेफ्ट पहा नहर जनता इंटर कालेज से लेकर सिरोली पुलिया एनएच 74तक अपने उद्धार इंतजार मै है। पर ना तो इस पर नगरपालिका, ना ही सिंचाई विभाग, और लोक निर्माण विभाग ध्यान दे रहा है। हालात यहां तक है कि जनता इंटर कॉलेज से यदि सिरौली को जाना हो तो यात्री को नाक बंद करें निकलना दूभर हो जाता है गंदगी से भरी नहर ,टूटी सड़क इस बात को सोचने को मजबूर करती है की नागरिकों के साथ दोयम दर्जे का व्यहार किया जा रहा है।सवाल यह है कि एस. के. एम. ए. इंटर कालेज से लेकर सिरौली पुलिया तक सड़क निर्माण और नहर कि सफाई के जिम्मा किसका है। टुकटुक रिक्शा मोटरसाइकिल में बैठकर जाने वाले यात्रियों को झूला झूलने के अलावा सड़क पर दूसरा कोई कार्य नहीं रह गया है। गौरतलब है कि 2 किलोमीटर लंबी इस सड़क के दोनों और वार्ड 18 वार्ड 19 वार्ड 20 वार्ड 15 वार्ड 13 के सभसादों जमावड़ा लगा रहता है परंतु जन्म प्रतिनिधियों को भी इस सड़क पर तथा इस नहर पर ध्यान देने की कोई आवश्यकता महसूस नहीं होती यदा-कदा नगर पालिका नहर की सफाई करते हुए देखी जा सकती है किंतु नहर के किनारे स्थित सिलेक्ट हाउस से निकलने वाली गंदगी एवं वार्ड वासियों के द्वारा लहर में फेंका गया कचरा कूड़ा भी नहर को पढ़ने में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता है। बहरहाल सड़क और नहर दो महत्वपूर्ण समस्याएं एस के एम ए इंटर कॉलेज से लेकर सिरौली पुलिया तक निवास करने वाले लोगों के लिए एक समस्या बनी हुई है इसका निस्तारण कौन करेगा यह स्पष्ट कोई नहीं कर पा रहा है।



### बजट की कमी के कारण नहीं हुआ सड़क का निर्माण: कोली



किच्छा। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष दर्शन सिंह कोली ने इस संबंध में बताया कि सड़क निर्माण का कार्य लोक निर्माण विभाग के माध्यम से कराया जाना है। नगर पालिका के पास धनराशि की कमी के कारण नगर पालिका उक्त सड़क का निर्माण नहीं कर सकी है ।नहर में गंदगी भरी होने के प्रकरण को लेकर पालिका अध्यक्ष दर्शन सिंह कोहली ने कहा कि नगर पालिका परिषद द्वारा समय-समय पर नहर की साफ सफाई कराई जाती है। क्योंकि सिंचाई विभाग द्वारा नहर को नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत साफ सफाई के लिए नगर पालिका को सोपा गया है। इसलिए सिंचाई विभाग नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत साफ सफाई के संबंध में कोई कदम नहीं उठाती है। उन्होंने बताया कि एस. के. एम. ए.इंटर कालेज से लेकर के सिरौली पुलिया तक नगर पालिका कई बार नहर की सफाई कर चुकी है। किंतु वार्ड वासियों का भी कर्तव्य बनता है कि घरों का कचरा कूड़ा नहर में फेंकना बंद करें । उन्होंने बताया कि उन्हें शिकायत मिली है कि की नहर में पशु वध करके उनके अवशेष भी नहर में फेंका जा रहा है। जो भी व्यक्ति नहर में गंदगी करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जा सकती है।

### बजट मिलते ही शुरू होगा सड़क का काम: बेहड़



किच्छा। क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने बताया कि जनता इंटर कॉलेज से लेकर के सिरौली पुलिया तक क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण करने हेतु राज्य योजना के तहत प्रस्ताव भेजा गया है जिसमें सर्वेक्षण के बाद इस्टीमेट आदि बनाया जाएगा तथा राज्य योजना से प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद सड़क का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सड़क का निर्माण पूर्ववर्ती जनप्रतिनिधियों द्वारा एक बार भी ना तो राज्य योजना में रखा गया था ना ही अन्य किसी योजना में सम्मिलित किया गया। उनके विधायक बनने के बाद इस सड़क का प्रस्ताव बनाकर राज्य योजना में भेजा गया है। जिस स्वीकृति मिलते ही और बजट अवमुक्त होते ही नागरिकों की असुविधा को दूर किया जाएगा।

### नहर में कचरा डालने वालों पर हो कार्रवाई: खान



किच्छा। सिरौली के लिए संघर्ष करने वाले कांग्रेस कमेटी के नगर उपाध्यक्ष ने कहा कि कोलेज के गेट से लेकर सिरौली तक के निवासियों की कोई नही सुनता है। एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप के अलावा जन प्रतिनिधि कुछ नही कर रहे है।उन्होंने कहा कि नगरपालिका एक बार तली झाड़ सफाई कराए उसके बाद नहर मे गंदगी डालने वालों कार्य वाही करें।उन्होंने कहा कि इस समय डेंगू,मलेरिया जैसी बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा किंतु हमारी ओर कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।सड़क निर्माण और नहर की सफाई के लिए एक आंदोलन किया जाएगा।

### पालिका नहीं लोनिवि जिम्मेवार: कुरैशी



किच्छा। सभासद मो आरिफ कुरैशी का कहना है की सड़क निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग जिम्मेवार है कई बार सड़क निर्माण की मांग करने के उपरांत भी अधिकारियों ने कोई करवाही नही की है। नहर की सफाई को लेकर उन्होंने कहा कि नहर मै गंदगी के लिए नगरपालिका ही दोषी नहीं है बल्कि आम नागरिक भी जिम्मेवार घरों का सारा कूड़ा कचरा नहर मे डाल दिया जाता है नागरिकों का भी कर्तव्य बनता है कक कूड़ा कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें।





# एकल अभियान के कार्यक्रम में बिखरी विभिन्न संस्कृतियों की छटा

## भारत के रंग एकल के संग कार्यक्रम में देश भक्ति के साथ-साथ देव भक्ति के समावेश की प्रस्तुति से दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एकल अभियान के अंतर्गत एकल श्रीहरि वनवासी विकास ट्रस्ट के वनवासी कलाकारों द्वारा भारत के रंग एकल के संग सांस्कृतिक कार्यक्रम का गत दिवस भव्य आयोजन किया गया। जिसमे भारत के विभिन्न प्रांतों के सुदूर ग्रामीण तथा आदिवासी क्षेत्रों से आए हुए कलाकारों ने देश भक्ति गीतों के साथ नृत्य व अलग अलग कलाओं द्वारा सभागार में उपस्थित हजारों अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दो घंटे के इस अनोखे आयोजन में देश भक्ति के साथ-साथ देव भक्ति का भी समावेश था। पूरा कार्यक्रम जिस खूबसूरती के साथ प्रस्तुत किया गया मानों पूरे भारत को एक मंच पर समेटकर रख दिया हो। कलाकारों की प्रस्तुति और दर्शकों की जोश ने पूरे सभागार में देश भक्ति का माहोल बन गया था। कार्यक्रम की शुरुवात ॐकार मंत्र के साथ हुई। उसके बाद कलाकारों ने गणेश वंदना, देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति, विभिन्न प्रांतों की लोक गीतों पर नृत्य तथा अंत में बहुत ही सुंदर श्रीकृष्ण नृत्य नाटिका का मंचन किया। हर एक प्रस्तुति के बाद सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठता था। एकल सुर ताल टीम इससे पूर्व पूरे भारत वर्ष में और अमेरिका में भी 150 कार्यक्रमों की प्रस्तुति दे चुकी है। टीम की प्रमुख करुणा ठाकुर हिमाचल प्रदेश की रहने वाली है और गत 10 वर्षों से एकल अभियान को अपनी सेवाएं दे रही है। कार्यक्रम में रुद्रपुर तथा आसपास से हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।कार्यक्रम में महामण्डलेश्वर पूज्य ध र्म देव जी महाराज ने सभी को अपना शुभ आर्शीवाद दिया। स्नेहपाल सिंह, मुख्य अतिथि सौरभ अग्रवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष सुरजीत सिंह ग्रोवर, मुख्य वक्ता केन्द्रीय सह अभियान प्रमुख खेमानन्द, गरिमामयी उपस्थिति में समाजसेवी रोहिताश बत्रा, बल्देव छाबड़ा ने मां भारती के चरणों में द्वीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।कार्यक्रम के आरंभ में उदबोधन देते हुए केंद्रीय सह अभियान प्रमुख खेमानन्द सापकोटा ने बताया कि देश भर में एकल अभियान के माध्यम से एक लाख से अधिक वनवासी ग्रामों में एकल विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1989 में 60 गांवों से प्रारंभ हुआ यह अभियान आज पूरे भारत वर्ष के एक लाख गांव, 35 सौ तहसील, 350 जिले व 24 प्रांतों में फैल चुका है। एक लाख शिक्षक, 7 हजार पूर्ण कालिक सेवाव्रती कार्यकर्ता, 2000 व्यास कथाकार के साथ करोड़ों की संख्या में समिति के सदस्य इस अभियान के साथ जुड़ कर कार्य कर रहे हैं।विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय सह मंत्री संघ प्रचारक स्नेहपाल सिंह ने कहा कि इस विशेष प्रयास के साथ लोग तन मन और धन के साथ अपना योगदान देते हैं। इतने बड़े कार्य को संचालित करने के लिए किसी भी प्रकार का सरकारी सहयोग नहीं किया जाता है। यह पूरा कार्य सिर्फ और सिर्फ समाज के सहयोग से ही संचालित होता है। उन्होंने कहा कि एकल अभियान के माध्यम से एक लाख वनवासी गांवों के करोड़ों की संख्या में बच्चे शिक्षा ग्रहण कर के उच्च शिक्षा में जा चुके हैं। इनमें से कई बच्चे भारतीय सेना में भर्ती हुए हैं तो कई पुलिस व अन्य सरकारी सेवाओं में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इससे भी अच्छी बात यह है कि सर्वाधिक संख्या में एकल विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चे अपने ही गांवों में सफल किसान व स्वरोजगार भी चला रहे हैं।आर्शीर्वचन देते हुए महामण्डलेश्वर पूज्य धर्म देव जी महाराज ने एकल अभियान के कार्य एवं एकल सुरताल टीम की सराहना करते हुए, सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं प्रसार में अहम भुमिका बताई। उन्होंने कहा कि कुछ समाज विरोधी लोगों द्वारा सनातन धर्म के विरुद्ध की गई बयानबाजी निन्दनीय है। ऐसे लोगों को सनातन धर्म के इतिहास की कोई जानकारी नहीं है। इसी सनातन धर्म के मार्ग पर चलते हुए भारत विश्व में अपना विशिष्ठ स्थान बनाए हुए है।मुख्य अतिथि सौरभ अग्रवाल ने कहा एकल अभियान के ऐसे प्रयास देश के अन्तिम गांव में छिपी प्रतिभा को उभारने का सफल कदम है।अध्यक्षता कर रहे सुरजीत ग्रोवर ने कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम संयोजक भारत भूषण चुघ ने सभी आगुन्तकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में दानदाताओं का सम्मान किया गया जिसमें सौरभ अग्रवाल, इन्द्र कपूर, विरेन्द्र जिन्दल, विपिन त्यागी, मन्दीप त्यागी, शेर पाल सिंह, किशोर शर्मा, राजू गावा आदि शामिल थे। कार्यक्रम में पूर्व सांसद बलराज पासी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजूनाथ टीसी, राष्ट्रीय महिला प्रमुख एकल अभियान चंद्रकांता, गार्गी चौहान, दिनेश भारद्वाज, भूवन गुप्ता, सुरेश चंद्र गुप्ता, अशोक जायसवाल, जिला प्रचारक जितेंद्र, बरीत सिंह, महापौर रामपाल सिंह, विशाल खेड़ा, सुरेश परिहार, विकास शर्मा, सुरेश कोली, उर्मिला रानी चुघ, विजय बहादुर, लक्ष्मी नारायण एडवोकेट, मनीष अग्रवाल, हरनाम चौधरी, विष्णु सक्सेना,उत्तम दत्ता, अमित गौड़ ,नीलकंठ राणा, राकेश चौहान, हिमांशु शुक्ला, मोहन तिवारी, धीरेंद्र मिश्रा, सुषमा अग्रवाल, अनुज पाठक, राम प्रकाश गुप्ता, सत्य प्रकाश चौहान, अनिल चौहान, मनोज मित्तल, सुल्तान सिंह, ठाकुर जगदीश सिंह, ज्ञान सिंह चौहान, सुनील ठुकराल, राजेश जग्गा, तरूण चुघ, नवीन नरूला, मधू शर्मा, शांति पांडे, राहुल तिवारी, अभिनव छाबड़ा, सुभाष छाबड़ा सहित हजारों की संख्या में गणमान्य अतिथि मौजूद थे।



